महादूत

महाराष्ट्र सर्किल की तिमाही समाचार पत्रिका

विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक सप्ताह विशेष अंक

अंक 1 (अक्तूबर – दिसंबर 2015)

सप्रेम

साथियो,

खुश हूँ कि मुझे इस वर्ष महाराष्ट्र डाक परिवार के एक सदस्य के रूप में आप सभी के साथ विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाने का अवसर मिला। हमारे इस परिवार के अंदर विचार विनिमय के लिए ऐसी एक पत्रिका का प्रारंभ करने के लिए इससे अच्छा मौका नहीं है।

परंपरा एवं सांस्कृतिक विविधता से संपन्न एक राज्य में हम, महाराष्ट्र डाक परिवार के सदस्य रह रहे हैं, जो हमें बाकी डाक सर्किलों से अलग बनाते हैं। इसलिए यह हमारा दायित्व बनता है कि हम बाकी सर्किलों के लिए आदर्श बन जाए। डाक विभाग परिवर्तन की राह में है और हमें उन सारे परिवर्तनों को आत्मसात करते हुए आगे बढना है। लक्ष्य तक पहूँचने के लिए सबसे पहले हमें अपनी शक्तियों और कमज़ोरियों के बारे में अवगत होना चाहिए। अगर हम एक साथ चलेंगे और एक साथ सीखेंगे तो कुछ भी असाध्य नहीं होगा।

महाराष्ट्र डाक सर्किल की तिमाही हिंदी समाचार पत्रिका "महादूत" का पहला अंक (विश्व डाक दिवस एवं राष्ट्रीय डाक सप्ताह विशेषांक) आपके समक्ष प्रस्तुत है।

आशा है कि हमारे बीच की दूरियाँ और गतलफहमियाँ दूर करने और जानकारी की नई खिडकियाँ खोलने में यह पत्रिका सहायक रहेगी।

इस पत्रिका के बारे में आपके विचारों व सुझावों से हमें ज़रूर अवगत कराएं।

चयनित पत्र पत्रिका के अगले अंक में प्रकाशित किए जाएंगे।

हमारे सर्किल को आगे बढ़ाने की इस सफर में हम एक साथ चलेंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि इसके लिए मुझे आपका पूरा सहयोग मिलेगा। आपके मूल्यवान सुझाव एवं विचार मेरे लिए परमप्रधान है और वे भूल सुधार करने में सहायक भी रहेंगे। इस सफ़र में मेरे संग चलने के लिए एक और बार आप सबका स्वागत करते हुए,

आपका,

अशोक कुमार दाश

मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्किल

"Neither rain nor sun nor heat nor gloom of night stays these couriers from the swift completion of their appointed rounds"

"न तो बारिश न ही सूरज न ही गर्मी न ही रात की उदासी इन डाक कर्मियों को पीछे खींचती है। अपना काम खत्म करने के बाद ही वे आराम करते हैं।"

सुप्रसिद्ध ग्रीक इतिहासकार हेरोडोटस (ईसापूर्व 484-425) पेर्शिया के डाक कर्मियों के बारे में कहा गया यह वाक्य न्यूयोर्क जीपीओ के द्वार पर अंकित किया गया है।

बीते हुए कल की स्मृति और आनेवाली पीढ़ियों के लिए उत्साह और आवेश के रूप में यह वाक्य डाक कर्मियों की प्रतिबद्धता एवं यश को हमेशा ऊँचा रखता है।

प्रधान कार्यकलाप

राष्ट्रीय डाक सप्ताह का उद्घाटन समारोह

सर्किल में विश्व डाक दिवस यानि 9 अक्तूबर से 15 अक्तूबर तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया गया। राष्ट्रीय डाक सप्ताह का उद्घाटन 9 अक्तूबर 2015 को मुंबई जीपीओ के द्विशताब्दी हॉल में आयोजित एक भव्य समारोह में माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति वी.के.ताहिलरमानी, माननीय कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर मुख्य पोस्टमास्टर जनरल ने डिजिटल इंडिया पोस्ट पर विशेष डाक आवरण जारी किया।

राष्ट्रीय डाक सप्ताह समारोह के अवसर पर महाराष्ट्र डाक सर्किल द्वारा डिजिटल इंडिया पोस्ट पर विशेष डाक आवरण जारी किया गया
मंच पर विशेष आवरण के साथ खडे हैं बाएं से दाएं श्री पी.एन. रंजित कुमार, पोस्टमास्टर जनरल, मुंबई क्षेत्र,
श्री अशोक कुमार दाश, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्किल,
माननीय श्रीमती न्यायमूर्ति वी.के.ताहिलरमानी, माननीय कार्यकारी मुख्य न्यायमूर्ति, बॉम्बे उच्च न्यायालय
श्री वी.के. गुप्ता, पोस्टमास्टर जनरल (मेल्स व व्यवसाय विकास) एवं श्री सईद रशीद, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय)

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सर्किल कार्यालय में 22 अक्तूबर से 31 अक्तूबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के सिलसिले में आयोजित कार्यक्रम में भाषण दे रहे हैं
श्री अशोक कुमार दाश, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्किल

निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता को पुरस्कार देते हुए
श्री अशोक कुमार दाश, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, महाराष्ट्र सर्किल

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा सर्किल कार्यालय का निरीक्षण

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति के माननीय सदस्यों एवं
अधिकारियों के साथ डाक विभाग के उच्च अधिकारी

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा 03.09.2015 को सर्किल कार्यालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण कार्यक्रम में श्री अशोक कुमार दाश, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, श्री प्रशांत कुमार स्वाइन, उप महानिदेशक (एमएम एवं राजभाषा), श्री सईद रशीद, निदेशक डाक सेवाएं (मुख्यालय) एवं श्रीमती किरण भारद्वाज, उप निदेशक (राजभाषा) ने भाग लिया।

बापू का सपना - स्वच्छ भारत

स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत गाँधी जयंती के अवसर पर सर्किल के सभी कार्यालयों में स्वच्छता दिवस मनाया गया। सभी अधिकारी और कर्मचारी इसमें सक्रियता से भाग लिए।

कार्यालय एवं परिसर स्वच्छ कर रहे वरिष्ठ अधिकारी

उपलब्धियाँ

अखिल भारतीय डाक सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं

उत्तराखंड में 19.11.2015 से 23.11.2015 तक आयोजित अखिल भारतीय डाक सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र सर्किल के कर्मचारियों / कर्मचारियों के बच्चों ने निम्नसूचित पुरस्कार जीत लिए:

श्री आर.पी. खाडे सहायक लेखा अधिकारी, निदेशक लेखा (डाक) का कार्यालय	हिंदुस्तानी गायन (सुगम संगीत)	वरिष्ठ	तृतीय
कुमारी साक्षी सराटकर (सुपुत्री श्री एस.बी. सराटकर, डाक सहायक, डाक भंडार डिपो)	हिंदुस्तानी गायन (सुगम संगीत)	कनिष्ठ	तृतीय
कुमारी साक्षी सराटकर (सुपुत्री श्री एस.बी. सराटकर, डाक सहायक, डाक भंडार डिपो)	हिंदुस्तानी गायन (शास्त्रीय संगीत)	कनिष्ठ	तृतीय
कुमारी श्रुति वाडकर (सुपुत्री श्रीमती सुरेखा एस. वाडकर, कार्यालय सहायक, मुंबई दक्षिण मंडल)	हिंदुस्तानी (लोक नृत्य)	कनिष्ठ	तृतीय
श्री पी.के. श्रीवास्तव सहायक लेखा अधिकारी, निदेशक लेखा (डाक) कार्यालय	हिंदुस्तानी वाद्य संगीत (गिटार)	वरिष्ठ	द्वितीय
श्रीमती राजेश्वरी शंकर डाक सहायक, जीपीओ, मुंबई	कर्नाटक गायन (लोक गीत)	वरिष्ठ	प्रथम
कुमारी यूविकालक्ष्मी (सुपुत्री श्री प्रकाश ठक्कर, वरिष्ठ लेखापाल, निदेशक लेखा (डाक) का कार्यालय	शास्त्रीय नृत्य (एकल)	कनिष्ठ	प्रथम
श्री रूपेश म्हात्रे डाक सहायक, पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, मुंबई क्षेत्र	शास्त्रीय नृत्य (एकल)	वरिष्ठ	प्रथम
श्री आर.एच. पवार डाक सहायक, भोर डाकघर, पुणे	एकल अभिनय	वरिष्ठ	तृतीय
श्री प्रकाश गोडबोले डाक सहायक, सर्किल कार्यालय, मुंबई	लघु एकांकी (निर्देशक)	-	द्वितीय

अखिल भारतीय डाक पावर लिफ्टिंग, वेटलिफ्टिंग एवं बेस्ट फ़ीज़ीक प्रतियोगिताएं

17.11.2015 से 20.11.2015 तक हैदराबाद, आंध्र प्रदेश सर्किल में आयोजित अखिल भारतीय डाक पावर लिफ्टिंग, वेट लिफ्टिंग एवं बेस्ट फ़ीज़ीक प्रतियोगिताओं में महाराष्ट्र सर्किल ने बेस्ट फ़ीज़ीक में एक और बार चैंपियनशिप और वेट लिफ्टिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त की। बेस्ट फ़ीज़ीक प्रतियोगिता में महाराष्ट्र सर्किल के श्री संजय आंबेरकर, श्री सुनिल मगदुम, श्री वासिम शेख, श्री किरण मुळमुळे को स्वर्ण पदक तथा श्री दीपक गवाणकर, श्री संतोष ठोंबरे, श्री संदीप नर, श्री जयंत प्रभु को कांस्य पदक प्राप्त हुए। साथ ही पावर लिफ्टिंग में श्री सागर कलगुणे को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

क्षेत्रीय एवं मंडल अधिकारियों का सम्मेलन

27.10.2015 को पवई में स्थित सेंटर फॉर एक्सलेन्स इन टेलिकोम मैनेजमेंट में महाराष्ट्र सर्किल के क्षेत्रीय एवं मंडल अधिकारियों का सम्मेलन आयोजित की गई। इस सम्मेलन में मुख्य पोस्टमास्टर जनरल द्वारा सर्किल के क्षेत्रों एवं मंडलों के लिए निर्धारित लक्ष्यों के संबंध में संबंधित क्षेत्र/मंडल के निष्पादन की समीक्षा की गई।

नवी मुंबई डाक टिकटों का त्योहार

नवी मुंबई टपाल तिकीटांचा महोत्सव 01.12.2015 और 02.12.2015 को आगरी कोळी संस्कृति भवन, नवी मुंबई में आयोजित की गई जिसमें गरान पर विशेष आवरण जारी किया है।
इस दौरान स्कूली बच्चों के लिए प्रश्नोत्तरी, वक्तृता, निबंध लेखन और चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

गरान पर विशेष आवरण का प्रकाशन

'यशवंता हरकारा'- मुंबई क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत नाटक की झाँकी

अटल पेंशन योजना - अब पूरा देश वृद्धावस्था के दौरान सहायता का आनंद लेगा

न्यूनतम निवेश, अधिकतम लाभ
18 और 40 वर्षों के बीच के आयू वाले सभी बैंक खाता धारकों के लिए।
₹1,000 से ₹5,000 तक का मासिक पेंशन आपके अंशदान यानि प्रति माह ₹42/- से ₹210 तक पर आधारित होगा।
60 वर्ष की आयु से – आपको, और आपकी मृत्यु के उपरांत आपके जीवन साथी को प्रति महीने निश्चित पेंशन राशि प्राप्त होगी। आपके जीवन साथी के मृत्यु के उपरांत आपकी नामिती को ₹1,70,000 – ₹8,50,000 तक मिलेगी।
न्यूनतम पेंशन लाभ प्रदान करना सरकार की गारंटी रहेगी।
मासिक पेंशन अंशदाता की आयु और चयनित पेंशन राशि पर आधारित होगी।
ऑटो डेबिट सुविधा द्वारा खाता धारकों के बचत बैंक खातों से अंशदान की कटौती की जाएगी।
31 मार्च, 2016 से पूर्व योजना में शामिल होने पर 5 वर्षों के लिए सभी पात्र ग्राहकों के लिए केंद्र सरकार आपके कुल अंशदान का 50% या प्रति वर्ष ₹1,000, जो भी कम हो का सह-अंशदान करेगा।
एक व्यक्ति एक बचत बैंक खाता के माध्यम से ही योजना में शामिल होने के लिए पात्र रहेंगे।
आपके नज़दीकी डाकघर से तुरंत संपर्क करें।
टोल फ्री संख्या 1800 180 1111
टोल फ्री संख्या (लोक शिकायत अनुभाग, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल का कार्यालय, मुंबई) – 1800 228030

तिमाही के दौरान महाराष्ट्र सर्किल द्वारा जारी किए गए विशेष आवरण

मिशन देवराई (03.10.2015)
एशियन कवक विज्ञान कांग्रेस 2015 (07.10.2015)
डिजिटल इंडिया पोस्ट (09.10.2015)
राष्ट्रीय पोलिओ प्लस कमिटी – विश्व पोलिओ प्लस दिवस (23.10.2015)
राष्ट्रीय यूखारिस्तिक कांग्रेस (12.11.2015)
भारतीय नौसेना हवाई जत्था 339 का 25वाँ वर्षगांठ (23.11.2015)

भाई कोतवाल – स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीद (01.12.2015)
ठाणे मंडल डाक कर्मचारी कॉ.ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी (29.11.2015)
आईआईओई के 50 वर्ष पूर्ण होने एवं सीएसआईआर की स्वर्ण जयंती (30.11.2015)
गरान (01.12.2015)
पुणेरी पगडी (10.12.2015)
आईएनएस गोदावरी की सेवा समाप्ति (23.12.2015)

क्षेत्रीय एवं मंडल अध्यक्षों से अनुरोध है कि 2016 जनवरी से मार्च तक की तिमाही के दौरान आपके क्षेत्र / मंडल में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यकलापों की संक्षिप्त रिपोर्ट एवं तस्वीरें महादूत के अगले अंक में प्रकाशन के लिए भिजवा देने की कृपा करें।
डाक कर्मियों द्वारा डाक के संबंध में कम शब्दों में लिखी गई रचनाएं भी आमंत्रित हैं।
भेजने का पता: सहायक निदेशक (राजभाषा), मुख्य पोस्टमास्टर जनरल कार्यालय, महाराष्ट्र सर्किल, मुबई – 400 001
ई मेल: adolco.mhpost@gmail.com